**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PRE-BOARD 1 EXAMINATION (2023-24)**
**SUBJECT-HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**
**SET-II**

**No. of printed pages:08**

**CLASS : X** **MAX. MARKS : 80**
**DATE : 13/01/2024** **TIME: 3 HOURS**

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।
प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

दबाव में काम करना व्यक्ति के लिए अच्छा है या नहीं, इस बात पर प्रायः बहस होती रहती है। कहा जाता है कि व्यक्ति अत्यधिक दबाव में नकारात्मक भावों को अपने ऊपर हावी कर लेता है, जिससे उसे अकसर कार्य में असफलता प्राप्त होती है। वह अपना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी खो बैठता है। दबाव को यदि ताकत बना लिया जाए तो न सिर्फ सफलता प्राप्त होती है बल्कि व्यक्ति कामयाबी के नये मापदंड रचता है। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं जब लोगों ने अपने लिए काम के दबाव को अवरोध नहीं बल्कि ताकत बना लिया। सुख-दुख, सफलता-असफलता, शांति-क्रोध और क्रिया-कर्म– ये सब हमारे दृष्टिकोण पर ही निर्भर करते हैं। महापुरुषों ने कहा भी है कि मन, मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क, शरीर को। इस तरह शरीर मन के आदेश का पालन करता हुआ काम करता है। दबाव में व्यक्ति यदि सकारात्मक होकर काम करे तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब होता है। दबाव के समय मौजूद समस्या पर ध्यान केंद्रित करने और बोझ महसूस करने के बजाय यदि अपनी शक्तियों पर ध्यान देकर यह सोचा जाए कि हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जो एक कठिन चुनौती को पूरा करने के लिए तत्पर हैं, तो हमारी बेहतरीन क्षमताएँ स्वयं जाग्रत हो उठती हैं। हमारा दिमाग जिस चीज पर भी अपना ध्यान केंद्रित करने लगता है, वह हमें बढ़ती प्रतीत होती हैं। यदि हम अपनी समस्याओं के बारे में सोचेंगे तो वे और बड़ी महसूस होंगी। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि 'जीतना एक आदत है, पर अफ़सोस! हारना भी आदत ही है।'

(i) हमारे शरीर के द्वारा अनेक कार्य किए जाते हैं। इन कार्यों को करवाने में मुख्य भूमिका किसकी होती है ?
(क) मस्तिष्क की (ग) शरीर की
(ख) मन की (घ) कर्म की

(ii) समस्या को सौभाग्य माना जाता है, तब शक्तियाँ किस अवस्था में होती हैं ?
(क) जाग्रत (ग) क्षीण
(ख) सुप्त (घ) मग्न

(iii) दबाव में व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कब करता है ?
(क) नकारात्मक भाव होने पर (ग) समस्याओं को बोझ मान लेने पर
(ख) भाग्य पर आश्रित होने पर (घ) सकारात्मक भाव होने पर

(iv) चुनौती मिलने पर हमें किस ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ?
(क) शक्तियों पर (ग) समस्या पर
(ख) कर्म पर (घ) परिस्थितियों पर

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A) – यदि हम अपनी समस्याओं के बारे में सोचेंगे तो वे और बड़ी महसूस होंगी।

कारण (R) – हमारा दिमाग जिस चीज पर भी अपना ध्यान केंद्रित करने लगता है, वह हमें बढ़ती प्रतीत होती हैं।

(क) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

सारा संसार नीले गगन के तले अनंत काल से रहता आया है। हम थोड़ी दूर तक ही देखते हैं क्षितिज तक, जहाँ धरती और आकाश हमें मिलते दिखाई देते हैं। लेकिन जब हम वहाँ पहुँचते हैं, तो यह नज़ारा आगे खिसकता चला जाता है और इस नज़ारे का कोई ओर-छोर हमें नहीं दिखाई देता। ठीक इसी तरह हमारा जीवन भी है। ज़िंदगी की अनेक उपमाएँ दी जा चुकी हैं, लेकिन कोई भी उपमा पूर्ण नहीं मानी गई है क्योंकि ज़िंदगी के इतने पक्ष हैं कि कोई भी उपमा उस पर पूरी तरह सटीक नहीं बैठती। बर्नार्ड शॉ जीवन को खुली किताब मानते थे और यह भी मानते थे कि सभी जीवों को समान रूप से जीने का हक है। वे चाहते थे कि इनसान स्वार्थ में अंधा होकर किसी दूसरे जीव के जीने का हक न मारे। यदि इनसान ऐसा करता है तो यह बहुत बड़ा अन्याय है। हमारे विचार स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे से मेल नहीं खाते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम दूसरों को उसके जीने के हक से वंचित कर दें। यह खुला आसमान, यह प्रकृति और यह पूरा भू-मंडल दरअसल हमें यही बता रहे हैं कि हाथी से लेकर चींटी तक, सभी को समान रूप से जीवन बिताने का हक है। जिस तरह से खुले आसमान के नीचे हर प्राणी बिना किसी डर के जीने का और साँस लेने का अधिकारी है, उसी तरह से मानव-मात्र का स्वभाव भी होना चाहिए कि वह अपने जीने के साथ दूसरों से उनके जीने का हक न छीने। यह आसमान जिस तरह भय से छुटकारा दिलाता है, उसी तरह हमें भी मानव-जाति से इतर जीवों को डर से छुटकारा दिलाकर उन्हें जीने के लिए पूरा अवसर देना चाहिए।

(i) गद्यांश में मनुष्य के जीवन को किस प्रकार का माना है ?

(क) एक रहस्य की तरह

(ख) सुखों से वंचित

(ग) अनंत काल की तरह

(घ) अन्य जीवों की तरह

(ii) मनुष्य के द्वारा किया गया कौन-सा कार्य बहुत बड़ा अन्याय है ?

(क) विचारों का स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे से मेल नहीं होना।

(ख) कुछ जीवों के जीने के हक को मानना।

(ग) दूसरे जीवों के जीने का हक मारना।

(घ) इतर जीवों को डर से छुटकारा देना।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) – ज़िंदगी के लिए दी गई सभी उपमाएँ पूर्ण हैं ।

कारण (R) – ज़िंदगी के विभिन्न पक्षों पर उपमाएँ सटीक बैठती हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) गद्यांश से संबंधित उपयुक्त कथन कौन-सा है ?

(क) इनसान को समान अधिकार मिलना चाहिए।

(ख) विचार अस्वाभाविक रूप से एक-दूसरे से मेल नहीं खाते हैं पर जीने का हक सबको देते हैं।

(ग) केवल हाथी और चींटी को समान रूप से जीवन बिताने का हक है, उनका हक न छीनें।

(घ) खुले आसमान के नीचे हर प्राणी निडर होकर जीने का और साँस लेने का अधिकारी है।

(v) आसमान, प्रकृति और भू-मंडल से मनुष्य को क्या संदेश मिल रहा है ?

(क) केवल हाथी और चींटी को समान रूप से जीवन बिताने का हक है।

(ख) जीवों के विचार स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे से मेल नहीं खाते हैं।

(ग) प्रत्येक जीव को समान रूप से जीवन बिताने का हक है।

(घ) इनसान को समान अधिकार मिलना चाहिए।

प्रश्न-3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

(i) टहलता हुआ व्यक्ति एक स्थान पर बैठ गया। रेखांकित पद के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए

(क) विशेषण पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(घ) संज्ञा पदबंध

(ii) 'समारोह में दूर शहर से कोई नहीं आ रहा है।' वाक्य में सर्वनाम पदबंध कौन-सा है ?

(क) दूर शहर से कोई
(ग) समारोह में दूर
(ख) समारोह में दूर शहर
(घ) आ रहा है

(iii) 'ऊँची दीवार बगीचे के चारों ओर बनी है।' वाक्य में रेखांकित पदबंध कौन-सा है ?

(क) संज्ञा पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(iv) क्रिया पदबंध के लिए कौन-सा विकल्प सही है ?

(क) बीमार व्यक्ति ने सुबह से कुछ नहीं खाया।
(ग) कल तुम सागर के तट पर थे।
(ख) पवित्र नदी तीव्र गति से बह रही है।
(घ) प्रसन्न वदन हम आगे बढ़े।

(v) 'बड़े भाई साहब दिनभर लगातार पढ़ते रहते थे।' रेखांकित पदबंध के लिए उपयुक्त विकल्प कौन-सा है ?

(क) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

प्रश्न-4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

(i) 'सूर्योदय होता है और प्रकृति का सौंदर्य खिल उठता है।' इस वाक्य का सरल वाक्य में सही रूपांतरण होगा –

(क) सूर्योदय होने पर प्रकृति का सौंदर्य खिल उठता है।

(ख) सूर्यास्त के समय प्रकृति का सौंदर्य खिल उठता है।

(ग) जब सूर्योदय होता है, तब प्रकृति का सौंदर्य खिल उठता है।

(घ) प्रकृति का सौंदर्य खिल उठता है क्योंकि सूर्योदय होता है।

(ii) 'जो मेरी बड़ी बहन है, उसमें और मुझमें पाँच साल का अंतर है।' रचना के आधार पर सही वाक्य-भेद चुनिए –

(क) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य
(ख) मिश्र वाक्य
(घ) निषेधात्मक वाक्य

(iii) 'लाख कोशिशें करने के बाद भी उसे व्यापार में सफलता नहीं मिली ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में सही रूपांतरण कौन-सा है ?

(क) उसने लाख कोशिशें कीं लेकिन उसे व्यापार में सफलता नहीं मिली ।

(ख) उसने लाख कोशिशें कीं और उसको व्यापार में सफलता नहीं मिली ।

(ग) वह लाख कोशिशें करता है इसलिए उसे व्यापार में सफलता नहीं मिलती ।

(घ) यद्यपि उसने लाख कोशिशें कीं तथापि उसे व्यापार में सफलता नहीं मिली ।

(iv) 'मज़दूर दिनभर परिश्रम करते हैं ।' इस वाक्य में 'मज़दूर' उद्देश्य और 'दिनभर परिश्रम करते हैं' विधेय है । रचना के आधार पर वे वाक्य जिनमें एक उद्देश्य और एक विधेय होता है, उन वाक्यों को क्या कहते हैं ?

(क) मिश्र वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य

(ख) सरल वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य कौन-सा है ?

(क) दादा जी सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा दिया करते थे ।

(ख) दादा जी प्रेरणा दिया करते थे कि सत्य के पथ पर चलो ।

(ग) दादा जी प्रेरक थे अतएव वे सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देते थे ।

(घ) प्रेरक दादा जी सत्य के पथ को अपनाने की प्रेरणा देते थे ।

प्रश्न-5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

(i) आठ आनों का समाहार ही हमारी पहचान है, राष्ट्रीय गौरव है । रेखांकित के लिए समस्तपद चुनिए –

(क) अष्टांग (ग) अँगूठी

(ख) अष्टाध्याय (घ) अठन्नी

(ii) 'परोपकारी बनने पर दुनिया आपका यशोगान करेगी ।' रेखांकित समस्तपद का विग्रह क्या होगा ?

(क) यश पर गान (ग) गान का यश

(ख) यश का गान (घ) अच्छा है जो गान

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| | |
|---|---|
| (1) मनगढ़ंत | (1) तत्पुरुष समास |
| (2) निस्संदेह | (2) बहुव्रीहि समास |
| (3) भरपूर | (3) अव्ययीभाव समास |
| (4) सुबुद्धि | (4) द्वन्द्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं –

(क) (1) और (3) (ग) (2) और (4)

(ख) (3) और (4) (घ) (1) और (2)

(iv) 'चराचर' समस्तपद का सही विग्रह क्या होगा ?

(क) अचर और चर (ग) चर और अचर

(ख) चर ही चर (घ) चर में अचर

(v) निम्नलिखित विकल्पों में से बहुव्रीहि समास का उदाहरण होगा –

(क) आशातीत (ग) मृगनयनी

(ख) तुलसीकृत (घ) सत्कर्म

प्रश्न-6. निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित छह बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

(i) 'प्राण सूखना' मुहावरे का अर्थ होगा –

(क) भयभीत होना
(ख) कष्ट होना
(ग) हृदयाघात होना
(घ) निर्भीक बनना

(ii) प्रतियोगिता के इस युग में अच्छी नौकरी पाना …………के समान है। रिक्त स्थान की पूर्ति कर लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) पाँव पखारना
(ख) दबे पाँव आना
(ग) सिर पर कफ़न बाँधना
(घ) लोहे के चने चबाना

(iii) 'कोई बड़ा काम कर लेना' के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) तीर मार लेना
(ख) आसमान सिर पर उठाना
(ग) अंधे के हाथ बटेर लगना
(घ) दीवार खड़ी करना

(iv) नन्ही-सी लड़की को पतली रस्सी पर चलता हुआ देखकर सोहन …….. गया। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) हक्का-बक्का रह जाना
(ख) ढाढ़स बँधाना
(ग) सस्ता सौदा होना
(घ) छोटा मुँह बड़ी बात होना

(v) 'अत्यधिक प्रभाव होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) कमर कसना
(ख) अंधे के हाथ बटेर लगना
(ग) तूती बोलना
(घ) दिमाग होना

(vi) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए –

(क) दाँतों पसीना आना – बहुत मुश्किल होना
(ख) मुँह लगाना – अधिक वाक् पटु होना
(ग) बाट जोहना – प्रहार करना
(घ) टूट जाना – दो टुकड़े हो जाना

प्रश्न-7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1x5=5)

कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) 'मृत्यु का समीप होना।' वाक्य के लिए पद्यांश में प्रयुक्त पंक्ति क्या है ?

(क) साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
(ख) कट गए सर हमारे
(ग) फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
(घ) हमने न झुकने दिया

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

1 सैनिक घायल हैं फिर भी शत्रु से युद्ध कर रहे हैं।
2 प्रस्तुत गीत की पृष्ठभूमि सैनिकों का बलिदान है।
3 बलिदानी सैनिक देशवासियों से अपेक्षा कर रहे हैं।
4 हिमालय सैनिकों का प्रतीक है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) 2 और 4 (ग) 1 और 2

(ख) 1 और 3 (घ) 1 और 4

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों के माध्यम से कवि क्या संदेश दे रहा है ?

(क) देशवासियों को सैनिकों के हवाले रहने का (ग) देश का विकास करने का

(ख) देश की रक्षा के लिए बलिदान देने का (घ) उपर्युक्त सारे विकल्प सही

(iv) युद्ध करने के लिए सीमा की ओर कदम बढ़ रहे हैं –

(क) देशवासियों के (ग) घायल लोगों के

(ख) साथियों के (घ) घायल सैनिकों के

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – सैनिकों के सिर कट गए, उनको इस बात का गम है।

कारण (R) – उन्होंने बलिदान देकर प्रकृति की रक्षा की।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) 'तोप' कविता के आधार पर बताइए कि कानपुर में स्थित कंपनी बाग में सैलानियों का मुख्य आकर्षण क्या है ?

(क) सैनिक छावनी (ग) प्रवेश द्वार पर बना अस्तबल

(ख) प्रवेश द्वार पर रखी तोप (घ) केवल शाम को आते पर्यटक

(ii) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सहानुभूति को क्या माना है ?

(क) महापूँजी (ग) तुच्छ-पूँजी

(ख) अधीर भाव (घ) अवलंब

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1x5=5)

बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो। कलकत्ता के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई। पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी। मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे। कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं। घुड़सवारों का प्रबंध था। कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी , सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था। बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था।

(i) गद्यांश में जिन बातों का उल्लेख किया गया है, उन बातों का संबंध किस दिन से है ?

(क) 26 जनवरी 1930 (ग) 15 अगस्त 1947

(ख) 26 जनवरी 1931 (घ) 15 अगस्त 1930

(ii) बड़े बाज़ार वाला क्षेत्र किस शहर में स्थित है ?

(क) कलकत्ता में (ग) गुजरात में

(ख) नई दिल्ली में (घ) कानपुर

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) – कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी।

कारण (R) – कलकत्ते के कुछ भाग में ही झंडे लगाए गए थे।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही क्यों घेर लिया था ?

(क) लोग पुलिस से डरें और उनका उत्साह कम हो

(ख) अन्य स्थानों पर भी झंडा फहराने के लिए

(ग) यातायात की व्यवस्था करने हेतु

(घ) शहरवासियों की सुरक्षा के लिए

(v) बड़े बाज़ार के मकानों की क्या विशेषता दिखाई दे रही थी ?

(क) सभी घरों को सजाया गया था।

(ख) अधिकतर मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था।

(ग) सभी तीन रंगों में रंगे थे।

(घ) सभी मकान नवनिर्मित थे।

प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) शैलेंद्र की अंतिम फिल्म कौन-सी थी ?

(क) जागते रहो

(ख) श्री 420

(ग) तीसरी कसम

(घ) सत्यं, शिवं, सुंदरम्

(ii) बड़े भाई साहब दूसरी बार फिर फेल हो गए तो क्या हुआ ?

(क) छोटे भाई की पढ़ने में रुचि बढ़ी

(ख) छोटे भाई की स्वच्छंदता बढ़ी

(ग) बड़े भाई की खेलों में रुचि बढ़ी

(घ) बड़े भाई को पतंग उड़ाने का नया शौक लगा

## खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) 'झेन की देन' पाठ के आधार पर जापानियों की जीवन-शैली और कार्य-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ii) सआदत अली के विषय में आप क्या जानते हैं ? 'कारतूस' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु शायद इसी सुखद परिवर्तन के लिए थी।' यहाँ किस सुखद परिवर्तन की ओर संकेत किया गया है और क्यों ?

प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) पाठ्यक्रम में मीराबाई द्वारा रचित प्रथम पद का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) क्या कवि की यह प्रार्थना आपको अन्य प्रार्थनाओं से अलग लगती है ? यदि 'हाँ' तो कैसे ? 'आत्मत्राण' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने प्राकृतिक सौंदर्य का सजीव चित्रण किया है लेकिन यदि हम देखें तो पर्वतों पर रहने वाले लोगों को दैनिक-जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पर्वतों पर रहने वाले लोगों की कठिनाइयों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) लेखक द्वारा 'हरिहर काका' पाठ लिखने का उद्देश्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) हेडमास्टर साहब की कौन-सी चारित्रिक विशेषताएँ आपको प्रभावित करती हैं ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'टोपी शुक्ला' पाठ का मुख्य पात्र टोपी है। 'टोपी' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न-14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– (5)

(क) स्वरोजगार : आत्मनिर्भरता की सीढ़ी

* स्वरोजगार का अर्थ
* समय की माँग
* युवाओं को अपना हुनर निरखने का मौका

(ख) गाँवों की बदलती तसवीर

* रहन-सहन का स्तर
* शिक्षा और आधुनिकता
* भविष्य की संभावनाएँ

(ग) वृत्तचित्रों (डॉक्यूमेंट्री) की दुनिया

* वृत्तचित्र क्या है ?
* इनका निर्माण और विकास
* इनका लक्ष्य और प्रभाव

प्रश्न-15. आप अगले माह से दूसरे क्षेत्र में जाकर रहेंगे, अतः विद्यालय से अपने नये आवास तक की दूसरी बस से आने-जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

अथवा

दूरदर्शन पर महापुरुषों के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक कार्यक्रमों को प्रसारित करने का अनुरोध करते हुए दूरदर्शन के निदेशक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न-16. आप राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। आप छात्र-परिषद के खेल सचिव हैं। आगामी माह विद्यालय में आयोजित होने वाले 'खेल-दिवस' के संबंध में संपूर्ण जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी कीजिए।

अथवा (4)

आपके क्षेत्र के सामुदायिक भवन में युवा- संगठन की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी देते हुए अध्यक्ष की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न-17. आप 'सौर-ऊर्जा' से चलने वाले उपकरण बेचते हैं। इसके प्रचार हेतु लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

अथवा

आपने पौधशाला में फूलों के कुछ पौधे तैयार किए हैं। उन्हें बेचकर आप निर्धन बच्चों को शीत-ऋतु में उनकी आवश्यकतानुसार गर्म कपड़े देना चाहते हैं। अपनी पौधशाला में तैयार पौधों की खूबियाँ और अपने लक्ष्य को बताते हुए समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-18. 'एक व्यापारी' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। (5)

अथवा

आप कवि / कवयित्री हैं। 'सबकी आवाज़' साप्ताहिकी के संपादन विभाग के ई-मेल पते पर अपनी रचनाओं के प्रकाशन का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों मे ई-मेल तैयार कीजिए।